**कॉर्ड–11014/7/2019-समन्वय**
**भारत सरकार**
**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**
**(समन्वय प्रभाग)**
****

तृतीय तल, कौशल भवन,
न्यू मोती बाग, नई दिल्ली–110023
दिनांक: 20.08.2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय:** एसडीई मंत्रालय से संबंधित मंत्रीमंडल के लिए मासिक सार- के संबंध में।

मुझे जुलाई, 2024 के महत्वपूर्ण कार्यकलापों का मासिक सार सूचनार्थ अग्रेषित करने का निर्देश हुआ है।

**संलग्नक:** यथोक्त

20/08/2024
(अखिलेश कुमार रॉय)
भारत सरकार के अवर सचिव

**प्रति:**

भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग

**प्रतिलिपि सूचनार्थ:**
मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली–110001

Scanned with OKEN Scanner

जुलाई, 2024 माह के दौरान इस मंत्रालय की कुछ प्रमुख उपलब्धियाँ/कार्यकलाप इस प्रकार हैं:

**1. <u>कौशल ऋण स्कीम</u>:** माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) श्री जयन्त चौधरी ने 25 जुलाई, 2024 को उन्नत स्तर के कौशल पाठ्यक्रमों तक आसान पहुँच प्रदान करने के उद्देश्य से जो अनेक योग्य छात्रों और उम्मीदवारों के लिए भविष्योन्मुखी और मांग वाले उद्योग कौशल हासिल करने में आने वाली एक महत्वपूर्ण संभवत: वित्तीय बाधा को दूर करने के प्रयोजन से संशोधित मॉडल कौशल ऋण स्कीम शुरू की । नई मॉडल कौशल ऋण स्कीम के अंतर्गत, अधिकतम पात्र ऋण राशि 1.5 लाख रुपए से बढ़ाकर 7.5 लाख रुपए कर दी गई है।

**2<u>. विश्व युवा कौशल दिवस:</u>** माननीय श्री जयन्त चौधरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), एमएसडीई, ने विश्व युवा कौशल दिवस मनाने के लिए एक ओपन हाउस, "कौशल संवाद" में भाग लिया, जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त है। इस दिन को कुशल भारत मिशन के 10वें वर्ष के समारोह के रुप में भी स्मरण किया गया।

**3. <u>शिक्षुता प्रशिक्षण की स्थिति:</u>** जारी वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 31 जुलाई 2024 तक नियोजित शिक्षुओं की संख्या 2,77,036 है। 31 जुलाई 2024 तक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षुओं की कुल संख्या 7.46 लाख है। 31 जुलाई 2024 तक शिक्षुओं को नियोजित करने वाले प्रतिष्ठानों की कुल संख्या 47,311 है।

**4. <u>डीबीटी की स्थिति:</u>** डीबीटी के माध्यम से भाग लेने वाले शिक्षुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है और जुलाई 2023 (1,72,537) से जुलाई 2024 (5,49,812) तक इसमें वृद्धि हुई है। इस अवधि (अप्रैल से जुलाई) के दौरान, शिक्षुओं को 122.36 करोड़ रुपए की राशि का भारत सरकार का वृत्तिका भाग डीबीटी के माध्यम से संवितरित किया गया है।

**5. <u>राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड) द्वारा की गई प्रमुख पहलें:</u>**

• **प्रशिक्षण कार्यक्रम**: पीएम-जनमन स्कीम के अंतर्गत अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें 18,607 लाभार्थी शामिल हुए। 1,085 बैंकिंग कोर्सपोंन्डेन्टस के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण और खुदरा उद्यमियों और ईडीपी में 179 प्रतिभागियों सहित विभिन्न समूहों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

• **कार्यशालाएँ और प्रदर्शनियाँ:** उद्यमशीलता जलवायु क्षमता निर्माण पर दो कार्यशाला सह प्रदर्शनियाँ आयोजित की गईं, जिससे जन शिक्षण संस्थान के 248 कार्मिकों को लाभ हुआ।

• **सरकारी और स्थानीय कार्यक्रम:** उत्तराखंड सरकार के 56 कार्मिकों के लिए ऑनलाइन ईडीपी और महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में 75 प्रतिभागियों के लिए मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

**6. भारतीय उद्यमिता संस्थान (आईआईई) द्वारा की गई प्रमुख पहलें**

• **राष्ट्रीय उद्यमिता विकास परियोजना (आरयूवीपी):** पीएम स्वनिधि स्कीम के लाभार्थियों के लिए उम्मीदवार प्रोफाइलिंग और सहायता प्रदान करने का 80% कार्य पूरा हो गया।

• **स्फूर्ति स्कीम:** आरबीआई के साथ वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया और मेघालय और असम में स्फूर्ति क्लस्टरों का दौरा किया गया। एडवोकेसी कार्यक्रम आयोजित किए गए और नए वीडीवीकेसी का पंजीकरण किया गया।

• **पीएमवीडीवाई और पीएम-जनमन:** एडवोकेसी कार्यक्रम आयोजित किए गए, नई सहकारी समितियों का पंजीकरण किया गया और विभिन्न कार्यकलापों के साथ विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया।

• **स्टार्टअप ग्रामीण उद्यमशीलता कार्यक्रम (एसवीईपी):** गैर-कृषि क्षेत्र की उद्यमिता को बढ़ाने के लिए त्रिपुरा में ईडीपी का आयोजन किया गया।

**7. <u>प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) द्वारा की गई प्रमुख पहलें</u>**

**कौशल विकास कार्यक्रम:**

• **पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना:** छत सौर तकनीशियनों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किए गए और 800 प्रशिक्षुओं और 239 प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण शुरू किया गया।

• **अग्निवीर पंजीकरण:** लगभग 58,000 अग्निवीरों ने दीर्घावधि प्रमाणन के लिए पंजीकरण कराया।

• **आईटी सेल अपडेट:**

  • **प्लेटफ़ॉर्म विकास:** एसआईडी प्लेटफ़ॉर्म ऑनबोर्डिंग के लिए एनएसडीसी के साथ समन्वय किया, स्ट्राइव के लिए नए पोर्टल विकसित किए और विभिन्न पोर्टलों के साथ वास्तविक समय डेटा एकीकरण बनाए रखा गया।

  • **प्रशिक्षण और सुरक्षा**: साइबर सुरक्षा कार्यशालाएँ आयोजित की गईं और सिस्को और एडब्ल्युएस अकादमियों के लिए अनेक एनएसटीआई को शामिल किया गया।

**8. <u>राष्ट्रीय अनुदेशात्मक मीडिया संस्थान (निमी), गुवाहाटी द्वारा की गई पहलें और निर्णय</u>**

  • **सामग्री तैयार करना:** अंग्रेजी, तमिल, हिंदी और उर्दू सहित अनेक भाषाओं में प्रशिक्षण सामग्री तैयार की गई और अनुवाद किया गया। सीआईटीएस में 24 टाइटल पूरे किए और व्यापक प्रश्न बैंक अपडेट किए गए।

  • **डिजिटल लर्निंग और आईटी सेवाएँ:** उन्नत मिश्रित शिक्षण सामग्री, सफलता की कहानियाँ और औद्योगिक शूट। स्ट्राइव और डेटा अपलोड के लिए नए पोर्टल सहित अनेक आईटी परियोजनाएँ शुरू कीं।

  • **प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम:** ड्रोन तकनीक, शिक्षुता और अन्य कौशल विकास क्षेत्रों में रोजगारपरक कौशल और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के लिए टीओटी का आयोजन किया।

**9. <u>औद्योगिक मूल्य संवर्धन के लिए कौशल सुदृढ़ीकरण (स्ट्राइव)/एनपीआईयू अपडेट</u>**

  • **परियोजना समापन:** स्ट्राइव परियोजना कुल 710 करोड़ रुपए के व्यय के साथ संपन्न हुई। अंतिम यूसी प्रस्तुतियाँ और ऑडिट पूरे किए गए और परियोजना प्रलेखन को संकलित और संग्रहीत करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए गए।

• **रिपोर्ट और प्रश्न:** स्ट्राइव पहलों पर व्यापक रिपोर्ट संकलित की और संसदीय प्रश्नों के उत्तर प्रदान किए।

**10. केंद्रीय कर्मचारी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (सीएसटीएआरआई) की मुख्य विशेषताएं**

• **प्रशिक्षण एवं विकास:** नव पदोन्नत प्रशिक्षण अधिकारियों के लिए प्रेरण प्रशिक्षण आयोजित किया गया तथा विभिन्न ट्रेडों के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना जारी रहा।

• **रखरखाव एवं क्रय:** अनेक रखरखाव परियोजनाएं पूर्ण की गईं तथा आवश्यक आपूर्तियां एवं सेवाएं प्राप्त की गईं।

• **वेबसाइट सांख्यिकी**: जुलाई 2024 में 42,775 आगंतुकों ने सीएसटीएआरआई की ऑनलाइन उपस्थिति के साथ सुदृढ़ जुड़ाव जारी रखा।

**11. राष्ट्रपति भवन में कौशल भारत केंद्र का उद्घाटन:**

एमएसडीई ने राष्ट्रपति भवन के कर्मचारियों को बागवानी, खाना पकाने, हाउस-कीपिंग इत्यादि से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों में कौशल प्रदान करने के लिए क्लॉक टॉवर, राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत एक कौशल भारत केंद्र (एसआईसी) की स्थापना की है। एसआईसी का उद्घाटन भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा 25.07.2024 को माननीय राज्य मंत्री (आईसी), एसडीई की उपस्थिति में किया गया। यह एसआईसी एमएसडीई द्वारा किए जा रहे सभी कौशल कार्यकलापों के लिए सूचना प्रसार केंद्र के रूप में भी काम कर रहा है।

**12. जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) द्वारा किए गए प्रमुख कार्यकलाप:**

• जेएसएस, अभिसरण के भाग के रूप में, सरकार की प्रमुख स्कीम, पीएम विश्वकर्मा (पीएमवी) को कार्यान्वित कर रहे हैं। स्कीम के विभिन्न ट्रेडों के अंतर्गत पूरे भारत में 86 जेएसएस में पीएमवी के अंतर्गत प्रशिक्षण शुरू किया गया है।

• जेएसएस पोर्टल से एसआईडीएच पोर्टल पर जेएसएस स्कीम के माइग्रेशन के एक भाग के रूप में स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच) पोर्टल पर 284 जेएसएस द्वारा 4989 बैचों में 1,10,132 उम्मीदवारों को नामांकित किया गया।

• 11-12 जुलाई 2024 को उत्तर प्रदेश और दिल्ली के 50 जेएसएस के लिए मेरठ में एक क्षेत्रीय सम्मेलन सह क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई।

• 27-28 जुलाई 2024 को मध्य प्रदेश, गुजरात और राजस्थान के 47 जेएसएस के लिए जयपुर में एक क्षेत्रीय सम्मेलन सह क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई।

**13.** **<u>प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के अंतर्गत प्रशिक्षण:</u>**

1-07-2024 से 31-07-2024 तक पीएमकेवीवाई 4.0 स्कीम के अंतर्गत प्रशिक्षित/उन्मुख उम्मीदवारों की कुल संख्या 3,09,574 है।

**14.** **<u>परिचालन दक्षता:</u>** उपरोक्त पहलों के अतिरिक्त, सभी डिलिवरेबल्स के त्वरित निपटान में अत्यधिक तत्परता और दक्षता सुनिश्चित करने के लिए अनेक आंतरिक उपायों के माध्यम से कार्य निष्पादन को युक्तिसंगत बनाने की चल रही प्रक्रिया जारी रही।

******